कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.28.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

वृक्षारोपण – ''एक पेड़ मां के नाम''

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल के दिशा निर्देश में ग्राम – कोलिहापुरी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत् वृहद् वृक्षारोपण किया गया। जिसमें पारिजात, करन, आंवला, बेल, नीम, जामुन, हरसिंगार, अशोक इत्यादि फलदार, फुलदार एवं औषधीय पौधे रोपित किए गए। गांव में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नलकूपों, तालाबों, स्कूल परिसर, ग्राम पंचायत परिसर, आंगनबाड़ी परिसर, साप्ताहित बाजार स्थल की साफ–सफाई की गई। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता रैली निकाली गई। स्कूल एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को प्रतिदिन स्नान करने, खाने के पूर्व हाथ धोने एवं अपने सामान को व्यवस्थित रखने हेतु प्रेरित किया गया।

ग्राम पंचायत के सरपंच श्री ज्वाला प्रसाद देशमुख ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राऐं स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कर ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाया है। वह अत्यंत सराहनीय है। आप लोगों की प्रेरणा से हम सबका भी दायित्व है कि गांव को स्वच्छ एवं हरा–भरा बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। डॉ0 सुषमा यादव, कार्यक्रम अधिकारी ने सरपंच महोदय को पौधों के संरक्षण एवं संवर्द्धन का दायित्व सौंपते हुए कहा कि ग्राम के विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान है। इससे हमारे बच्चे भी प्रेरित होकर समाज सेवा एवं प्रकृति को हरा–भरा बनाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन एवं श्री विमल यादव के सहयोग से एक दिवसीय शिविर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। कु0 खुशबू साहू, कु0 ममता महानंद, कु0 निर्मला सिंह, कु0 खेमलता देशमुख, कु0 संजना का विशेष योगदान रहा।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

वृक्षारोपण – ''एक पेड़ मां के नाम''